Major R&D Discipline

- Computational fluid dynamics
- Experimental aerodynamics
- National Trisonic Aerodynamic Facilities
- Flight mechanics and control
- Propulsion
- Composites
- Structural design, analysis and testing
- Structural dynamics and integrity
- Surface modification
- Aerospace materials
- Aerospace electronics and instrumentation
- Civil aviation
- Parallel processing computers
- Meteorological modeling
- Wind energy
- Manufacturing technology
- Information systems
- Electromagnetics

Collaborations and Interactions



S&T Performance Indicators









Human Resource Indicators







Financial Performance Indicators









निदेशक की रिपोर्ट

सीएसआईआर-एनएएल केलिए 2018 - 19 एक विशेष वर्ष रहा है, चूंकि संस्थान अपनी स्थापना के 60 स्वर्णिम वर्ष पूरा कर रहा है। मेरे लिए यह अत्यंत हर्ष का अवसर है कि प्रयोगशाला के हीरक जयंती समारोह के सिलसिले में, मुझे ऐसी प्रयोगशाला के निदेशक के रूप में कार्य करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जो सच में सीएसआईआर के सरताज का असली हीरा है। मैं प्रयोगशाला की प्रगति को बहुत करीब से देख रहा हूँ जो सफलतापूर्वक अपने 60 वर्ष संपन्न कर रही है, और इस उत्कृष्ठता को प्राप्त करने हेतु मैं एनएएल के समस्त कर्मचारियों को उनके अद्भुत समर्थन एवं प्रतिबद्धता केलिए आभार व्यक्त करता हूँ।

इस विशेष वर्ष में, मैं संस्थागत सेवा के लिए अपने आपको को समर्पित करता हूँ और मुझे विश्वास है कि हम सब मिलकर सीएसआईआर परिवार की घनिष्ठता को बरकरार रखेंगे। इस अविस्मरनीय अवसर पर, 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष केलिए सीएसआईआर-एनएएल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए मैं प्रसन्नता का अनुभव कर रहा हूँ। यह रिपोर्ट वांतरिक्ष, सामरिक एवं सामाजिक क्षेत्र के विभिन्न कार्यक्रमों के विकास में संस्थान के उल्लेखनीय योगदान का सार प्रस्तुत कर रही है। अपने प्रयासों और योगदानों से रिपोर्ट को सारगर्भित बनाने हेतु पूरी सीएसआईआर-एनएएल टीम के प्रति मैं अत्यंत आभारी हूं।

विशेष उपलब्धियाँ

वर्ष 2018-19 में सीएसआईआर-एनएएल ने राष्ट्रीय वांतरिक्ष क्षेत्र में अपने योगदान को और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचाया। टीम सीएसआईआर-एनएएल का प्रयास जारी हे कि सरकार के राष्ट्रीय मिशन "मेक इन इंडिया" की दिशा में अनुसंधान तथा प्रौद्योगिकी और उन्नत उत्पादों के साथ संगठन को एक उच्च प्रौद्योगिकोन्मुख संस्था के रूप में निर्माण किया जाए। वर्ष के आरंभ में ही बड़े उद्योगों और एमएसएमई जैसे बारह उद्योगों को एनएएल की आठ प्रौद्योगिकियों को सफलतापूर्वक सुपुर्द किया गया, जिनकी कुल लाइसेंस शुल्क लगभग 10 करोड़ रुपये हैं; जो पिछले एक दशक में प्राप्त की गई सबसे बड़ी प्रौद्योगिकी अंतरण (टीओटी) है।

एनएएल द्वारा विकसित स्वदेशी परिवहन वायुयान सारस PT1N के नए उन्नत संस्करण के साथ प्रयोगशाला की सबसे उल्लेखनीय उपलब्धि एरो इंडिया 2019 में पूरे पांच दिवस उड़ान प्रदर्शन के साथ यह वर्ष समाप्त हुआ (चित्र-1). गणमान्य महानिदेशक-सीएसआईआर, विशेष अतिथिगण और प्रतिनिधियों ने सारस PT1N के उड़ान प्रदर्शन के प्रति और लगभग नौ वर्षों के बाद इस परियोजना को पुनर्जीवित करने में एनएएल, एएसटीई, डीजीएक्यूए, सेमिलाक और एचएएल की पूरी टीम के महत्वपूर्ण प्रयासों की सराहना की। मैं, इस कार्यक्रम में डॉ. शेखर सी मांडे, महानिदेशक-सीएसआईआर के भरपूर समर्थन का अवश्य जिक्र करना चाहता हूँ। इसके अलावा, मुझे यह

चित्र -1 एयरो इंडिया 2019 में सारस PT1N का उड़ान प्रदर्शन



चित्र 3 टेस्ट रिंग में 30 hp वैंकल इंजन।

चित्र 2 हंस--NG वायुयान में महानिदेशक, सीएसआईआर ।

बताते हुए खुशी हो रही है कि सीएसआईआर ने सीएसआईआर-एनएएल और मेस्को एयरोस्पेस लिमिटेड को 'हंस-न्यू जनरेशन (एनजी)' पर संयुक्त सहयोगी परियोजना हेतु औपचारिक अनुमोदन दिया है और इसका विकास कार्य अच्छी प्रगति कर रहा है। सीएसआईआर-एनएएल ने हंस-3 VT-HOH पर हंस-एनजी की कुछ विशेषताओं को लागू करने के लिए डीजीसीए से सीएआर-21 सबपार्ट-एफ के तहत उत्पादन संगठन की अनुमोदन प्राप्त किया है। वायुयान पर ग्लास कॉकपिट और एलईडी-लाइट जैसी विशेषताएं लागू की गईं। हंस वायुयान कार्यक्रम के इतिहास में पहली बार, महानिदेशक-सीएसआईआर ने हंस वायुयान में ऑनबोर्ड उड़ान भरी (चित्र-2). हंस वायुयान को ग्लास काकपिट में अद्यतन किया गया और डीजीसीए द्वारा प्रमाणित करवाया गया। यह वायुयान एयरो इंडिया 2019 में भाग लिया।

वर्ष के दौरान, सीएसआईआर-एनएएल ने नागरिक और सामरिक दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिससे संसाधन का मान-सम्मान दुगना हुआ है। एनएएल ने वेपन इंटेग्रेशन के वायुयांत्रिकी अध्ययन में लड़ाकू वायुयानों के लिए भारतीय वायुसेना के उन्नयन कार्यक्रमों में प्रचुर योगदान दिया है। इसके अलावा 65-HP वैंकल इंजन के दो प्रोटोटाइप का विकास प्रयोगशाला में किया गया और उनको एडीई को सौंपा गया। 30-HP वैंकल इंजन का अभिकल्प किया गया और प्रथम प्रोटोटाइप इंजन का प्रदर्शन किया गया (चित्र-3). सीएसआईआर-एनएएल ने एलसीए-तेजस कार्यक्रम के लिए SP7 से SP20 के सम्मिश्र संरचना के अभिकल्प, संरचना और अ-वि क्षेत्र में और सभी तीन प्रकारों के लिए एयरो डाटाबेस सत्यापन और अद्यतन में अपना समर्थन जारी रखा है और संपूर्ण आईओसी आर्डर सफलपूर्वक संपन्न किया है। मैं यह घोषणा करते हुए अभिभूत हूं कि सीएसआईआर-एनएएल को श्रृंखला उत्पादन कार्यक्रम के दूसरे बैच (13 भागों के 20 सेट) की आपूर्ति के लिए एचएएल से लगभग 100 करोड़ रुपये का आर्डर मिला है। इस आर्डर को प्रोडक्शन पार्टनर टाटा एडवांस्ड मेटेरियल्स लिमिटेड (टीएएमएल), बेंगलूरु के साथ निष्पादित किया जाएगा। प्रयोगशाला में सम्मिश्र विकास में अग्रणी कार्य हेतु सीएसआईआर-एनएएल की एसीडी टीम को एलसीए-तेजस के इंजन बे डोर के विकास के लिए दक्षिण कोरिया के सियोल में प्रतिष्ठित 'जेईसी एशिया इनोवेशन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया (चित्र 4). वर्ष के दौरान, एनएएल के नेतृत्व में अंतरिक्ष विभाग के लिए पीपीपी कंसोर्टियम (शार, श्रीहरिकोटा-4.3 मीटर व्यास और 5.6 मीटर लंबाई और वीएसएससी, तिरुवनंतपुरम-5 मीटर और 6 मीटर लंबाई) के लिए बड़े पैमाने के आटोक्लेव का कार्य जारी है (चित्र 5). ऑटोक्लेव की आपूर्ति 2019-20 के दौरान होने की उम्मीद है। सामाजिक क्षेत्र में, सीएसआईआर-एनएएल ने एक्स-बैंड मौसम रडोम को राष्ट्रीय वायुमंडलीय अनुसंधान प्रयोगशाला (एनएआरएल), तिरुपति में सफलतापूर्वक स्थापित किया है। रडोम को 250 किमी प्रति घंटे की हवा का सामना करने के लिए डिज़ाइन किया गया है (चित्र-6). दृष्टि - सुरक्षित हवाई अड्डे के संचालन के लिए एक दृश्यता मापन प्रणाली को 2018-19 में नौ सिविल अंतर्राष्ट्रय एयरपोर्ट (15 सिस्टम) और छह भारतीय वायु सेना के एयरबेस (18 सिस्टम) में सफलतापूर्वक संचालित कर दिया है (चित्र-7).

चित्र 4 वांतरिक्ष संरचनात्मक श्रेणी में जेईसी एशिया इनोवेशन अवार्ड 2018 तथा एलसीए-तेजस के लिए कार्बन-बीएमआई सम्मिश्र इंजन बे डोर।

मेरी रिपोर्ट में नागरिक और सैन्य वैमानिकी/विमानन दोनों क्षेत्रों में महत्वपूर्ण योगदानों का विवरण प्रस्तुत किया गया है।

चित्र 5 शार, श्रीहरिकोटा में यान पर आटोक्लेव शेल

चित्र 6 एनएआरएल, तिरुपति में स्थापित 4.2 m एक्स-बैंड रडोम।

नागरिक क्षेत्र में योगदान

2018-19 के दौरान, सारस पीटी1 एन के उड़ान परीक्षण और मूल्यांकन करने की ओर सभी गतिविधियां केंद्रित थीं। पिछले एक साल के कार्यकलापों में वायुयान चालक दल के इनपुट के आधार पर संरचनात्मक अभिकल्प में आशोधन किया गया, जिसके परिणामस्वरूप एयरो इंडिया 2019 में प्रथम एवं दूसरे ब्लॉक के परीक्षण उड़ानों और प्रदर्शन उड़ानों के लिए एयरफ्रेम की निकासी प्राप्त हुई। यह सब सीएसआईआर-एनएएल, सेमीलैक, डीजीएक्यूए और एएसटीई (एफआरआरबी) की आपसी सहयोग से संभव हुआ। वायुयान रेडिनेस समीक्षा बोर्ड (एफआरआरबी) और वायुयान सुरक्षा समिति (एसआरसी) की सिफारिश के आधार पर, सारस पीटी 1 एन ने अब तक तेईस उड़ानों को सफलतापूर्वक पूरा किया है। महानिदेशक, सीएसआईआर ने

चित्र 7 कन्नूर अंतर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट में दृष्टि एवं AWMS

21 दिसंबर 2018 को सीएसआईआर-एनएएल का दौरा किया और कमांडेंट एएसटीई (चित्र 8) की उपस्थिति में अन्य गणमान्य व्यक्तियों के साथ सारस पीटी1 एन उड़ान परीक्षण को देखा। एयरो इंडिया उड़ानों के बाद, एयरफ्रेम के 25 घंटे के निरीक्षण के साथ-साथ सभी प्रमुख संरचनात्मक फिटिंगों का एनडीटी आधारित निरीक्षण भी किया गया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि एयरफ्रेम उडानयोग्य हो।

19 सीटर सारस एमके-2, वायुयान (चित्र-9) के अभिकल्प में पर्याप्त प्रगति हुई। उड़ान परीक्षण कार्य के दौरान सारस प्रोटोटाइपों (PT1N / PT2) के अभिकल्प में कमियां महसूस की गईं जैसे, कर्षण लघूकरण तथा वायुगतिकी दक्षता, ऑपरेटिंग एम्टी व्हइट (ओइडब्लयु) में कमी और उपयोगी भार की वृद्धि, उड़ान नियंत्रण प्रणाली और सामान्य प्रणालियों के सुधार आदि। वायुगतिकी सुधारों के अलावा, नियंत्रण तथा पायलट के कार्यभार को कम करने के लिए उड़ान नियंत्रण प्रणाली से संबंधित मुद्दों को सुलझा दिया। सारस एमके-2 में स्पैन एलेरॉन की वृद्धि और पार्श्व नियंत्रण बलों को कम करने की दक्षता है। रड्डर डबल-हिंज का होगा जिसमें नियंत्रण शक्ति अधिक होगी। सारस Mk2 में उन्नत वैमानिकी के साथ एक पूर्ण डिजिटल कॉकपिट से सुसज्जित होगी। वाणिज्यिक उपकरणों के साथ उड़ान भरने वाला पहला प्रोटोटाइप और स्वदेशी उपकरणों के साथ उड़ान भरने वाले दूसरा प्रोटोटाइप को साथ साथ विकसित किए जाएंगे। इसके अलावा, हवाई जहाज अविकसित एयरिस्ट्रप्स से संचालन करने के लिए एक मजबूत लैंडिंग गियर और अत्याधुनिक ECS और CPCS से सुसज्जित होंगे। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि स्थायी वित्त समिति ने सारस एमके-2 प्रस्ताव को सक्षम प्राधिकारी की मंजूरी के लिए सिफारिश की है। वर्ष 2019-20 के दौरान परियोजना को अनुमोदन प्राप्त करने के बाद पूरी तरह विकास का कार्य शुरू किया जाएगा।

हंस-नई पीढ़ी (एनजी) वायुयान के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रयास किए गए। नए वायुयान में अनेक सुधार किए जाएंगे जैसे, ग्लास कॉकपिट, बेहतर प्रदर्शन के साथ उन्नत ईंधन दक्ष रोटैक्स इंजन (बढ़ी हुई रैंज और सहनशक्ति), अनुकूलित एयरफ्रेम,

चित्र 8 सारस PT1N उड़ान परीक्षण के दौरान डीजी-सीएसआईआर एवं श्री एन आर नारायण मूर्ति, सह-संस्थापक, इन्फोसिस और अन्य गणमान्य ।

चित्र 9 सारस एमके2 (19 सीटर वायुयान).

चित्र 10 रेट्रो-मॉड हंस-NG कॉकपिट का दृश्य।



चित्र 11 ARINC818 सिस्टम सेटअप

स्टीयरेबल नोज़ व्हील, विद्युत संचालित फ्लैप, आईएफआर अनुपालन, बेहतर अंतर्ग्रहण, बेहतर आंतरिक / एर्गोनॉमिक्स और बाहरी समपूर्णता है (चित्र 10)। हंस के भागों के निर्माण हेतु लघु भार सम्मिश्र पदार्थों की प्रौद्योगिकी का विकास किया गया।

स्वदेश में विकास कार्य को आगे बढ़ाने में नागरिक वैमानिकी / विमानन के क्षेत्र में अन्य योगदान हैं। दृष्टि, एनएएल द्वारा विकसित हवाई अड्डे की दृश्यता आकलन प्रणाली ने 101 प्रणाली (असैनिक हवाई अड्डों को 47 प्रणाली और रक्षा हवाई अड्डों को 54 प्रणाली) आपूर्ति की है, जिसमें से कुल 33 दृष्टि प्रणालियों ने देश के विभिन्न हवाई अड्डों में पूरी तरह काम करना शुरू कर दिया है। इन सफलताओं के उपरांत, प्रयोगशाला द्वारा विकसित हवाई अड्डा मौसम मूल्यांकन प्रणाली (AWMS) को तीन हवाई अड्डों में, जैसे मैंगलूर, भुवनेश्वर और कन्नूर में स्थापित किये गये हैं। फास्ट ट्रैक ट्रान्स्लेशनल (एफटीटी) परियोजना के तहत, नागरिक और सामरिक उन्नत प्रदर्शन प्रणालियों में व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले वैमानिकी वीडियो और डेटा के लिए अंतर्राष्ट्रीय मानक आरटीसीए डीओ-254 के भाग के रूप में एफपीजीए आधारित आईपी कोर 818 का अभिकल्प, विकास और प्रमाणन पूरे किए गए हैं (चित्र-11)। रिपोर्टिंग की अवधि में दो प्रमुख अनुप्रयोगों के लिए अभिविन्यास किए गए, मिनी यूएवी का विकास सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। परियोजना का प्राथमिक उद्देश्य निगरानी होता है, हालांकि उपयोगकर्ताओं के अनुरोध के आधार पर, यूएवी को भू-स्थानिक मानचित्रण अनुप्रयोगों के लिए भी अभिविन्यास किया गया। उत्पाद के व्यावसायीकरण के प्रयास जारी हैं। सीएसआईआर के ड्रोन आधारित विद्युतचुम्बकीय एवं चुम्बक प्रणाली (DREAM) परियोजना के तहत एनएएल के टीम ने 5 किलोग्राम पे लोड के साथ पहले संस्करण का अभिकल्प एवं विकास किया ।

प्रारंभिक उड़ान परीक्षण किए गए। चित्र-12 चुंबकीय अन्वेषण अध्ययन के लिए एनएएल द्वारा अभिकल्पित एवं विकसित हेक्स-कॉप्टर वीटीओएल यूएवी दर्शाता है। मल्टीस्पेक्ट्रल कैमरों का उपयोग करते हुए छोटे क्षेत्र कॉर्पस के त्वरित हवाई मानचित्रों के लिए, एक क्वाड कोप्टर का अभिकल्प एवं विकास किया गया है (चित्र-13)।

सामरिक क्षेत्र में योगदान

सामरिक क्षेत्र के स्वदेशी विकास को आगे बढ़ाने के अलावा, प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रमों में एनएएल के महत्वपूर्ण योगदानों ने उच्चतम प्रौद्योगिकियों और सेवाओं के आयात के मामले में, सामरिक क्षेत्र को आत्मनिर्भर बनने तथा विदेशी मुद्रा की बचत करने में सक्षम बनाया है। सीएसआईआर-एनएएल की राष्ट्रीय त्रिध्वनिक वायुगतिकी सुविधा ने वर्ष 2018-19 के दौरान 1.2मी पवन सुरंग में 1089 अवधम और 0.6मी पवन सुरंगों में 434 अवधमन पूरे किए हैं। इस सुविधा के प्रमुख उपयोगकर्ताओं में डीआरडीओ, इसरो और सीएसआईआर-एनएएल थे। डीआरडीएल के लिए, नियंत्रण सतह विक्षेपण (चित्र-14) के साथ और नियंत्रण रहित सतह विक्षेपण के साथ विशिष्ट मिसाइल और वायुगतिकीय अभिक्षणीकरण के लिए रॉकेट अभिविन्यास पर पवन सुरंग परीक्षण किए गए। एक अन्य महत्वपूर्ण उपलब्धि में, आरसीएमए (इंजन) और एक्यूए (इंजन) के साथ सहयोग करते हुए आवश्यक थल परीक्षण और एटीपी परीक्षण करने के बाद दो 65 एचपी प्रोटोटाइप इंजन प्रायोजक को उड़ान परीक्षणें के लिए दिए गए। प्रायोजक की आवश्यकताओं को प्रोटोटाइप इंजन

चित्र 12 इलेक्ट्रो मैग्नेटिक सर्वे का हेक्स-कॉप्टर।

चित्र 13 कृषि निगरानी का क्वाड-कॉप्टर।

चित्र 14 1.2 मी सुरंग में मौंट किए गए माडल का फोटो।

चित्र 15 नियंत्रण विधि ने एयर-टू-एयर रीफ्यूयलिंग का सफल उड़ान परीक्षण किया।

चित्र 16 जगुआर वायुयान के भू कंपन परीक्षण।

पूरा किया गया। एनएएल द्वारा विकसित कार्बन तंतु के लिए सेमिलैक से वांतरिक्ष ग्रेड प्रमाणन प्राप्त हुआ। रक्षा मंत्रालय (MoD) अगले साल के दौरान मिथानी के माध्यम से 50 टीपीए कार्बन तंतु संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल करेंगे।

सीएसआईआर–एनएएल ने एलसीए तेजस कार्यक्रम में एडीए के साथ अपना समर्थन जारी रखा। एनएएल के उन्नत सम्मिश्र प्रभाग (एसीडी) ने अभिकल्प, संविरचन और सम्मिश्र संरचनाओं के अ-वि के क्षेत्रों में अपना योगदान जारी रखा। एलसीए तेजस के श्रेणीवार उत्पादन कार्यक्रम के लिए, वायुयान के एसपी 11 से एसपी 19 फिन और रड्डर समुच्चयों के नौ सेट (प्रोडक्शन पार्टनर टीएएमएल के साथ) की आपूर्ति की गयी। एचएएल को दिए गए वादे के अनुसार सभी सात प्रकारों के केंद्र फ्यूज़लेज की आपूर्ति की गईं। एसपी 16 से एसपी 20 तक के लिए फेयरिंग के साथ एमएलजी आफ्ट दरवाजे के चार सेट भी वितरित किए गए।

इसके अलावा, राष्ट्रीय नियंत्रण विधि की टीम ने एनएएल के अपने कार्य केंद्र में एलसीए एयरफोर्स मार्क-1 वायुयान पर एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग गतिविधियों को सफलतापूर्वक पूरी की (चित्र 15). एयर डाटा सेंसर पर वेक एनकाउंटर के कारण चलायमान को स्थगित करने हेतु एयर डाटा सिस्टम एल्गोरिथम को उपयुक्त रूप से अपडेट किया गया। उड़ान मापदंडों के अनुरूप अधिकतम उड़ान परीक्षण किए गए। इसके बाद, नियंत्रण विधि एल्गोरिथम को एलसीए नौसेना संस्करण के लिए उन्नत किया गया। संशोधित SKI जंप मोड के साथ पांच सफल SKI जंप किए गए। एनएएल के संरचनात्मक प्रौद्योगिकी प्रभाग (एसटीडी) ने एफओसी की आवश्यकताओं के अनुसार एलसीए विंग-रूट बाक्स के क्षति सहिष्णुता निरूपण का परीक्षण किया। इसके अलावा, समीक्षाधीन अवधि में, एसटीडी टीम ने भावासे वायुयान उन्नयन हेतु भू-कंपन परीक्षण (जीवीटी), स्पंदन विश्लेषण और उड़ान स्पंदन परीक्षण (एफएफटी) में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। भावासे के प्लेटफॉर्म पर उन्नत लघु-श्रेणी एयर-टू-एयर स्टोर का एकीकरण एडॉप्टर योग्यता, जीवीटी, एफएफटी और भार संवर्धन करते हुए सफलतापूर्वक किया गया। जीवीटी और स्पंदन परीक्षणों के माध्यम से एक नए ओवर-विंग लांचर (चित्र 16) के साथ जगुआर वायुयान पर अगली पीढ़ी के लड़ाकू हथियारों के एकीकरण हेतु आवश्यक स्वीकृति प्रदान की गई। विद्युतचुंबकीय केन्द्र टीम ने हाल ही में रडार अवशोषण पदार्थ की लोडिंग के साथ लडाकू वायुयान, नाव, 3डी संरचना और इसके सम्मिश्र संघटकों (डक्ट और इनलेट ज्यामिति) की आरसीएस गणना के लिए एक सॉफ्टवेयर पैकेज 'स्पार्क्स' विकसित का विकास किया है। आरसीएस की गणना स्टेल्थ प्लाटफार्म के अभिकल्प हेतु एक पूर्व आवश्यकता है।

सीएसआईआर-एनएएल के पदार्थ विज्ञान प्रभाग में पिछले साढे चार दशकों से विफलता विश्लेषण और दुर्घटना जांच पर महत्वपूर्ण गतिविधियॉ चल रही हैं और इन गतिविधियों को भारतीय वांतरिक्ष संगठनों की जरूरतों को पूरा करने के लिए अभिकल्प किया गया है। जांच दल प्रयोगशाला के अध्ययनों के माध्यम से निष्कर्षों को प्राप्त करने हेतु वर्षों से विकसित विशेषज्ञता और नॉलेजबेस द्वारा उन्नत विफलता विश्लेषण उपकरण और तकनीकों का प्रयोग करता है और एक घटक या प्रणाली की विफलता के प्राथमिक कारण को पता लगाकर उसे प्रस्तुत करता है। वर्ष के दौरान, रक्षा संगठनों द्वारा वायुयान, हेलीकॉप्टर और रिमोट पाइलट वायुयान (आरपीए) की 32 घटनाओं/दुर्घटनाओं से संबंधित जांच प्रयोगशाला में की गई। इनमें से अधिकांश जांचों में, विफलताओं के प्राथमिक कारण की पहचान की गई और प्रत्येक जांच के बाद, भविष्य में इस तरह की घटनाओं/दुर्घटनाओं को रोकने के उपाय सुझाए गए। अभिकल्प संशोधन, विनिर्माण में सुधार और रखरखाव में कमी को कम करने और वायुयान की सुरक्षा में समग्र सुधार लाने में उक्त जांच के इनपुट मददगार साबित हुए।

एफटीटी प्रौद्योगिकियों के व्यवसायीकरण के लिए टीम सीएसआईआर-एनएएल के प्रयासों की अत्यधिक प्रशंसा की गई जब उत्पादन, विपणन और व्यावसायीकरण के लिए दो अनैकांतिक लाइसेंस समझौतों को वर्ष के दौरान एमएसएमई उद्योग मेसर्स सैन प्रोसेस ऑटोमेशन, बेंगलूरु और मेसर्स अजय सेंसर्स, बेंगलूरु के साथ हस्ताक्षर किए गए (चित्र-17)। दोनों एयरलाइन उद्योगों के एमआरओ, भारतीय वायुसेना के बेस रिपेयर डिपो और विंड फार्मों को लक्ष्य बना रहे हैं।

अंतरिक्ष कार्यक्रमों में योगदान

भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रमों में पिछले तीन दशकों से सीएसआईआर-एनएएल की ध्वानिक परीक्षण सुविधा का समर्थन दिया जा रहा है। हार्डवेयर की

विश्वसनीयता और मिशन की सफलता हेतु अंतरिक्ष सीमित हार्डवेयर की ध्वानिक योग्यता अत्यंत महत्वपूर्ण है। पिछले तीन दशकों में, एटीएफ ने इसरो के सभी प्रमाचन यानों के साथ-साथ प्रायोगिक मिशनों के चरणों और उप-प्रणालियों की सफलतापूर्वक ध्वनिक योग्यता पूरी की है। वर्ष के दौरान, वर्ष के दौरान एटीएफ ने एफ-11 मिशन के जीएसएलवी के सभी चार लिक्विड स्ट्रैप-ऑन के एल-40 स्ट्रैप-आन नोसकॉन डेक की ध्वनिक योग्यता पूरी कर ली है। पीएसएलवी का भी हार्डवेयर संशोधनों के योग्यता परीक्षण और अतिरिक्त हार्डवेयर के ध्वानिक परीक्षण एटीएफ में किए गए (चित्र 18)। वर्ष के दौरान, अंतरिक्ष कार्यक्रमों के लिए पेलोड अनुकूलन का पवन सुरंग परीक्षण विभिन्न स्ट्रैपआन मोटर्स के साथ एक विशिष्ट प्रमोचन यान मॉडल पर वायुगतिकीय डाटा उत्पन्न करने के लिए किए गए।

चित्र 17 मल्टी ज़ोन हॉट बांडर-12 हीटर नियंत्रण के साथ।

चित्र 18 ध्वानिक परीक्षण में पीएसएलवी घटक।

विशेष पदार्थ एवं लेपनों का विकास

सीएसआईआर-एनएएल ने विशेष पदार्थ के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वर्ष की उपलब्धियां वास्तव में अत्यंत उल्लेखनीय हैं। वर्ष के दौरान, सीएसआईआर-एनएएल ने मेसर्स आईपीए प्रा.लि. के साथ मिलकर एक्सेलेरोमीटर अनुप्रयोग हेतु व्यावसायिक पैमाने पर PZT पाउडर और उनके उत्पादों के प्रसंस्करण के लिए अनैकांतिक लाइसेंस समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं (चित्र 19).

इंजीनियरी उत्पादों जैसे राड, प्लेट, तार और स्ट्रिप के उत्पादन के लिए मिधानी को NiTi शेप मेमोरी मिश्रधातु का प्रौद्योगिकी अंतरण पिछले वर्ष के दौरान किया जा चुका है और विभिन्न इंजीनियरी उत्पादों की आपूर्ति के लिए ग्राहकों की मांग पर मिधानी ने नियमित उत्पादन शुरु कर दिया है। आंकड़े बताते हैं कि लागत के मामले में, NiTi SMA बाजार का लगभग 70% स्वास्थ्य क्षेत्र से संबंधित है। इस संबंध में, श्री चित्रा तिरुनाल इंस्टीट्यूट फॉर मेडिकल साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी (SCTIMST), त्रिवेंद्रम के साथ 'एओर्टिक स्टेंट ग्राफ्ट्स' और 'एरियल्स सेप्टल डिफेक्ट आक्यूलूडर' के विकास के लिए सहयोगी अनुसंधान एवं विकास कार्य किए जा रहे हैं और आने वाले वर्षों में अच्छे परिणाम प्राप्त होंगे। मे. कारबोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड ने सिरेमिक सब्सट्रेट्स के उत्पादन के लिए एनएएल की टेपकास्टिंग प्रक्रिया प्रौद्योगिकी के आधार पर एक औद्योगिक स्केल टेपकास्टिंग सुविधा की सफलतापूर्वक स्थापना की। अल्युमिना और ज़िरकोनिया सिरेमिक सब्सट्रेट की मांग विभिन्न अनुप्रयोगों के लिए जैसे कि अंतरिक्ष इलेक्ट्रॉनिक्स, ऑक्सीजन सेंसर, सिरामिक हीटर और ठोस ऑक्साइड ईंधन सेल के लिए अधिक है, जिसका वर्तमान में देश में आयात किया जा रहा है। इसके अलावा, GMR-IC की संविरचना एनएएल की चुंबकीय सेंसर संविरचना में की गई, इसकी उत्पादन क्षमता 1 लाख सेंसर प्रति माह है। मेसर्स जयश्री इलेक्ट्रॉन प्रा.लि., पुणे के साथ सहयोगी परियोजना के तहत GMR 1426 IC की 1 लाख इकाइयों की सुपुर्दगी 2019 में पूरी होगी। रील पैकेज के रूप में Th IC सौंपे गए (चित्र 20).



चित्र 19 (अ) PZT पाउडर, (आ) एक्सीलरोमीटर अनुप्रयोग हेतु PZT रिंग।

सामाजिक मिशन की गतिविधियाँ

सामाजिक हित की प्रौद्योगिकियों के देशज विकास पर सरकार के आशय के अनुरूप हमारा निष्पादन सराहनीय रहा। एफटीटी परियोजना के तहत, शिक्षा और अनुसंधान संस्थानों की अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए एक वहन योग्य, कम ऊर्जा खपत करनेवाले वांतरिक्ष ग्रेड आटोक्लेव बनाने हेतु डेस्कटॉप आटोक्लेव का विकास किया गया। 450मिमी व्यास और 500मिमी की लंबाई, 200^0 सेल्सियस तापमान और 7bar दाब तथा एक सहज नियंत्रण प्रणाली के

चित्र 20 जीएमआर आईसी - एनएएल एमआरए 1426 जिसे मे. जयश्री इलेक्ट्रॉन प्रा.लि., पुणे को सौंपा जा रहा है।

चित्र 21 जीएमआर आईसी - एनएएल एमआरए 1426 जिसे मे. जयश्री इलेक्ट्रॉन प्रा.लि., पुणे को सौंपा जा रहा है।

चित्र 22 आईआईटीएम के लिए डेस्कटॉप आटोक्लेव।

साथ, उपयोगकर्ता छोटे आकार के वांतरिक्ष ग्रेड सम्मिश्र का विकास कर सकता है। डेस्क टॉप ऑटो-क्लेव के उत्पादन और विपणन के लिए अनैकांतिक लाइसेंस समझौते पर मेसर्स मिलवस एयरो सॉल्यूशंस प्रा.लि., बेंगलूरु, मेसर्स लक्ष्मी इंजीनियरिंग वर्क्स, चेन्नई और मेसर्स डाटासोल इंडिया प्रा.लि., बेंगलूरु के साथ मिलकर हस्ताक्षर किए गए। आईआईटी मद्रास से प्राप्त डेस्कटॉप आटोक्लेव का पहला आर्डर उद्योग भागीदार द्वारा सफलतापूर्वक निष्पादित किया गया (चित्र 22) और बाकी काम प्रगति पर हैं। एनएएल के सीएसएमएसटी प्रभाग ने बेंगलूरु और उसके आसपास के वि-प्रौ संस्थानों में 1 kW विंड सोलर हाइब्रिड (विश) सिस्टम का प्रचार-प्रसार और एलएचएफ कार्यक्रम के तहत 10 kW सिस्टम का प्रदर्शन जारी रखा है। 10kW सिस्टम से उत्पन्न लगभग 8700 यूनिट ऊर्जा को 66 kVA सब-स्टेशन, कोडिहल्ली कैंपस, सीएसआईआर-एनएएल में सब-स्टेशन पर लाइटिंग लोड हेतु प्रयोग किया जा रहा है (चित्र-23)।

चित्र 23 कोडिहल्ली कैंपस के रिनीवबल एनर्जी फार्म में 10 kW WiSH प्रणाली।

स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में सीएसआईआर-एनएएल और मेसर्स सूचर्स इंडिया प्रा.लि. ने एसएस सर्जिकल नीडल की इलेक्ट्रोपालिशिंग के लिए इलेक्ट्रोलाइट फॉर्मूलेशन के विकास पर सितंबर 2018 के दौरान सहयोगी समझौते पर हस्ताक्षर किए। पालिश और बिना पालिश के बायोमेडिकल ग्रेड एसएस सर्जिकल नीडल की चित्र 24 में दिखाई गई है। विकसित प्रक्रिया (NALEPSS) के निष्पादन की तुलना फर्म द्वारा प्रयोग की जाने वाली मौजूदा वाणिज्यिक प्रक्रिया के साथ की जा सकती है। बाथ पुनरावृत्ति और प्रवाह उपचार प्रक्रियाओं की स्थापना भी की गई है और मेसर्स सूचर्स के कर्मचारियों को इस पूरी प्रक्रिया पर प्रशिक्षण दिया गया है।

अ-वि निष्पादन संकेतक

वर्ष के दौरान प्रयोगशाला के अ एवं वि का निष्पादन संकेतक उल्लेखनीय रहा है। वित्तीय वर्ष 2018 -19 के दौरान सीएसआईआर-एनएएल को बाह्य अभिकरणों से रु. 26.26 करोड़ लागत

चित्र 24 इलेक्ट्रोपालिशिंग से पूर्व और पश्चात मेडिकल ग्रेड एसएस सर्जिकल नीडल।

की 39 नई प्रायोजित परियोजनाएं और 25.51 करोड़ लागत की 17 अनुदान प्राप्त परियोजनाएं मिलीं। एनएएल का बाहरी नकदी प्रवाह रु.69 करोड रहा। सरकार और सार्वजनिक उपक्रमों का योगदान, बाहरी नकदी प्रवाह में से लगभग 95% रहा।

वर्ष में बाह्य अभिकरणों के साथ 34 समझौता ज्ञापनों / एनडीए पर हस्ताक्षर किए गए, जिनमें से प्रमुख हैं: जीई 102 इंजन और 70-90 सीटर वाणिज्यिक वायुयान कार्यक्रम केलिए जीई एविएशन, न्यूयॉर्क, के साथ NDA; और 14 सीटर यात्री सारस वायुयान के डिजाइन और विकास के लिए इजरायल एयरोस्पेस इंडस्ट्रीज, इजरायल के साथ NDA, भारत में एक क्षेत्रीय वायुयान के निर्माण से संबंधित समन्वेशी परियोजना के लिए

मैसर्स गुडरिच एयरोस्पेस सर्विसस प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलूरु के साथ NDA, मेसर्स रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, मुंबई के साथ कार्बन फाइबर प्रौद्योगिकी के लिए समझौता ज्ञापन, मेसर्स कडेट डिफेंस सिस्टम (पी) लिमिटेड, कोलकता के साथ 25-30 एचपी इंजन (एनएएल द्वारा अभिकल्पित) के साथ सामरिक यूएवी प्रौद्योगिकी के लिए समझौता ज्ञापन; मैसर्स मेस्को एयरोस्पेस लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ हंसा-एनजी के डिजाइन, विकास और प्रमाणन पर सहयोगात्मक समझौता। इस वर्ष 4 नए पेटेंट प्रस्तावों के साथ आईपी पोर्टफोलियो में वृद्धि देखी गई। साथ ही वर्ष के दौरान 2 भारतीय पेटेंट और 3 विदेशी पेटेंट प्राप्त हुए। प्रकाशन की कुल संख्या 258 रही जिसमें 115 जर्नल पेपर और 143 कॉनफरेन्स पेपर रहें।

प्रौद्योगिकी हस्तांतरण तथा सहयोगी अनुसंधान एवं विकास: सीएसआईआर-एनएएल ने व्यापार विकास ग्रूप (BDG) का गठन किया है ताकि सहयोगी अ-वि में औद्योगिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके, लाइसेंस/ सूचना का हस्तांतरण किया जा सके, उद्यमियों ता को बढ़ावा देने के लिए प्रौद्योगिकी का सृजन किया जा सके और प्रोटोटाइप के विकास और प्रौद्योगिकी के विकास में बाह्य संसाधनों की पहचान करके औद्योगिक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा सके। वर्ष के दौरान, लगभग 9.5 करोड़ रुपये के संचयी लाइसेंस शुल्क के साथ बारह उद्योगों को आठ प्रौद्योगिकियों को लाइसेंस देते हुए एनएएल, सीएसआईआर की सभी प्रयोगशालाओं में से सबसे आगे रहा है। एनएएल की प्रौद्योगिकी का उपयोग कर लाइसेंसधारी द्वारा उत्पाद की बिक्री के आधार पर ये प्रौद्योगिकियां 4-10% तक रॉयल्टी प्राप्त करेंगी। प्रमुख प्रौद्योगिकी हस्तांतरण शामिल हैं: 5 एमएसएमई को डेस्कटॉप आटोक्लेव और मल्टीजोन हॉट बांडर का हस्तांतरण: बीईएल, बेंगलूरु को ध्वनि और ABIHAS मार्कसमैनशिप प्रशिक्षण हेतु इलेक्ट्रानिक लक्ष्य प्रणाली का लाइसेंस, मेसर्स केआरआर इंजीनियरिंग, चेन्नई और मैसर्स यूसीई मुंबई को उद्योग ग्रेड और लैब स्केल ऑटोकलेव, मैसर्स कोरबोरंडम यूनिवर्सल लिमिटेड, होसुर को एल्यूमिना और जिरकोनिया सेरामिक सब्सट्रेट के उत्पादन हेतु टेप कास्टिंग प्रक्रिया का लाइसेंस, मेसर्स आईपीए, बेंगलूरु को PZT पाउडर प्रक्रिया प्रौद्योगिकी का लाइसेंस आदि।

इसके अलावा, 'रिस्क एंड कॉस्ट शेयरिंग मॉडल' पर उद्योगों के साथ प्रमुख सहयोगी परियोजना कार्यक्रम के लिए शुरू किए गए: मेसको एयरोस्पेस, नई दिल्ली के साथ हंसा-एनजी का डिजाइन, विकास और प्रमाणीकरण और मेसर्स पारस डिफेंस एंड स्पेस टेक्नोलॉजीज लिमिटेड, मुंबई के साथ मिलकर एनएएल के ARINC 818 आईपी-कोर का उपयोग करके विमानन/ अल्टरनेट डिस्प्ले उत्पाद का विकास और प्रमाणन । मेसर्स हेल्थियम मेडटेक प्राइवेट लिमिटेड, बेंगलूरु के साथ मिलकर स्टेनलेस स्टील सर्जिकल सुइयों की इलेक्ट्रो पॉलिशिंग के लिए इलेक्ट्रोलाइट फॉर्मूलेशन के विकास पर सहयोगी परियोजना।

एयरो इंडिया में भागीदारी: सीएसआईआर-एनएएल ने एयरो इंडिया 2019 'द रनवे टू ए बिलियन अपॉर्चुनिटीज़' में भाग लिया। एनएएल के सारस और हंस वायुयान के सफल उड़ान प्रदर्शनों के अलावा, हमारी प्रयोगशाला ने एक प्रदर्शनी स्टॉल लगाकर अपनी नवीनतम प्रौद्योगिकियों का प्रदर्शन किया। इसके अलावा सीएसआईआर-एनएएल ने आरटीए सिम्युलेटर, एलसीए और सारस के सम्मिश्र भाग, डेस्कटॉप ऑटोक्लेव, मल्टी ज़ोन हॉट बांडर, सरस, हंसा, सीएनए5 और आरटीए के माडेल, दृष्टि और एडब्ल्यूएस सिस्टम के मॉडल, निशानेबाजी प्रशिक्षण का ABHIAS, 65 एचपी वैंकल इंजन, विशेष पदार्थ और पृष्ठीय लेपन आदि को प्रदर्शित किया। अनेक गणमान्य व्यक्ति जैसे महा निदेशक, सीएसआईटार, डॉ वी के सारस्वत, सदस्य, नीति आयोग, डॉ सतीश रेड्डी, रक्षा मंत्री के वैज्ञानिक सलाहकार, डॉ के सिवन, अध्यक्ष, इसरो ने एनएएल स्टाल का दौरा किया और सामरिक प्रौद्योगिकियों के स्वदेशीकरण में सीएसआईआर-एनएएल के प्रयासों की भूरी सराहना की। सीएसआईआर-एनएएल की भागीदारी को प्रेस और मीडिया ने व्यापक कवरेज दिया। 'मेक इन इंडिया' में प्रयोगशाला के योगदान को प्रदर्शित करने वाले स्टाल पर एनएएल की प्रौद्योगिकियों और उत्पाद प्रदर्शनों ने देश में एक प्रीमियर वांतरिक्ष अ-वि प्रयोगशाला के रूप में ब्रैंड की छवि को फैलाने और मजबूत करने में काफी मदद की (चित्र 25)।

सम्मान और पुरस्कार के तौर पर, वर्ष 2018-19 प्रयोगशाला के लिए काफी महत्वपूर्ण रहा, एसीडी टीम ने 'इनोवेटिव स्किन रिब कोकर्ड कार्बन बीएमआई कम्पोजिट्स' के लिए प्रतिष्ठित जेईसी एशिया इनोवेशन अवार्ड 2018 प्राप्त किया। VERITy प्रक्रिया का उपयोग करते हुए सह-संक्रमित और विंग इंटरस्पार बॉक्स के विकास के लिए पेट्रोकेमिकल्स में प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में रसायन और उर्वरक मंत्रालय, भारत सरकार की ओर से 7वां राष्ट्रीय पुरस्कार भी हासिल किया। डॉ एल वेंकटकृष्णन, प्रधान ईएडी को रॉयल एयरोनॉटिकल सोसाइटी, यूके का फेलो चुना गया, डॉ.आर.गुरुप्रसाद, सीकैड को ओपन एसोसिएशन ऑफ रिसर्च सोसाइटी (एफईआरसी), यूएसए से 'फैलो ऑफ इंजीनियरिंग रिसर्च काउंसिल' के रूप में चुना गया। श्री बी एस शिवराम, आईकास्ट को कर्नाटक सरकार के सार्वजनिक पुस्तकालय विभाग द्वारा विशेष पुस्तकालयों की श्रेणी में "वर्ष 2018 का सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालयाध्यक्ष" से सम्मानित किया गया है। श्री के.एस. आनंद कुमार (इलेक्ट्रिकल अनुभाग) और श्री गुरुपादप्पा मोटगी (केटीएमएमडी) ने सामाजिक नवाचार की श्रेणी में भारतीय रेलवे के लिए लोको-पायलट विजन एन्हांसमेंट सिस्टम – त्रिनेत्रा (तीसरी आंख) के विकास केलिए नवाचार और उद्यमिता उत्सव के अवसर पर, नई दिल्ली में माननीय वि-प्रौ मंत्रालय के करकमलों से गांधीयन युवा प्रौद्योगिकी नवाचार (GYTI) पुरस्कार प्राप्त किया। मुझे विशेष रूप से यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हीरक जयंती समारोह में एनएएल की महिला वैज्ञानिकों ने प्रयोगशाला का नाम रोशन किया। एयरो इंडिया 2019 में वुमेन एचीवर के रूप में डॉ.सुजाता, एमएसडी एवं डॉ. पी लताश्री, एफएमसीडी को सम्मानित किया गया। कंप्यूटर सोसायटी ऑफ़ इंडिया, बेंगलूरु चैप्टर द्वारा डॉ. मंजू नंदा को "उल्लेखनीय महिला योगदान पुरस्कार" से सम्मानित किया गया। इसके अलावा, हमारी प्रयोगशाला के कई वैज्ञानिकों ने अन्य व्यक्तिश: / ग्रूप पुरस्कार प्राप्त किए हैं, संपादकीय बोर्ड के सदस्य तथा राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पत्रिकाओं के संवीक्षक के रूप में नामित हुए हैं, उत्तम लेख पुरस्कार प्राप्त किए हैं, मैं उन सभी को उनकी सफलता पर हार्दिक्बधाई देता हूं।

प्रयोगशाला की उपलब्धियों के लिए मैं अनुसंधान परिषद्, प्रभागीय वैज्ञानिक समितियों, सीएसआईआर-एनएएल की प्रबंधन परिषद्, महानिदेशक-सीएसआईआर तथा सीएसआईआर मुख्यालय, नई दिल्ली के समस्त कर्मचारियों को उनके समर्थन और सहयोग के लिए सादर धन्यवाद देता हूँ। हमारे हितधारकों; डीआरडीओ, इसरो, डीजीसीए, एडीए, एचएएल, वायुसेना

चित्र 25 एयरो इंडिया 2019 के सीएसआईआर-एनएएल स्टॉल में निदेशक के साथ महानिदेशक, सीएसआईआर, डॉ वी के सारस्वत एवं डॉ के शिवन, अध्यक्ष, इसरो।

मुख्यालय, एआरडीबी, डीएसटी, डीएई, रक्षा सेवा, एमओई, आईएमडी तथा अन्य अंतराष्ट्रीय संगठनों को मैं उनके समर्थन के लिए मैं आभार व्यक्त करता हूँ कि उन्होंने अनेक अनुसंधान एवं विकास परक परियोजनाओं को प्रायोजित करते हुए हम पर विश्वास जताया है, इनके प्रयास, सहयोग, सलाह तथा विश्वास के कारण ही हमारी तमाम उपलब्धियॉ संभव हो पाई हैं।

अंत में, हम हीरक जयंती के अवसर पर वर्ष 1959 से जो महान प्रगति हुई हैं, उसके लिए साधुवाद दें और स्वर्णिम भविष्य की आशा के साथ सब मिलकर हर्षोल्लास के साथ समारोह मनाएं।

जितेन्द्र जे जाधव
निदेशक

सीएसआईआर-राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएं
CSIR-National Aerospace Laboratories
PB 1779, Old Airport Road, Kodihalli, Bangalore 560 017, India
www.nal.res.in